भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

10.07.2019 के

तारांकित प्रश्न सं. 244 का उत्तर

नई रेल परियोजनाएं

***244. श्रीमती दिया कुमारीः**
श्री रवि किशनः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार रेल यात्रियों की बढ़ती संख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने तथा रेल नेटवर्क के अंतर्गत अब तक कवर न किये गये क्षेत्रों को रेल सुविधा प्रदान करने के लिए कोई नई रेल परियोजना शुरू करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो विचाराधीन रेल परियोजनाओं तथा राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न राज्यों में चल रही परियोजनाओं का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार एवं जोन-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो ऐसी परियोजनाओं पर निकट भविष्य में कार्य आरंभ करने हेतु सरकार की क्या योजनाएं हैं;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान घोषित की गई परियोजनाओं की राज्य-वार स्थिति क्या है तथा उनमें से कितनी परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है और अब तक पूरी की जा चुकी परियोजनाओं की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(घ) इस संबंध में अब तक व्यय की गई राशि तथा इन परियोजनाओं पर व्यय की जाने वाली संभावित अनुमानित राशि राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी है; और

(ङ) विगत तीन वर्षों के दौरान घोषित नई रेलगाड़ियों के प्रचालन का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ड.): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

नई रेल परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 10.07.2019 को लोक सभा में श्रीमती दिया कुमारी और श्री रवि किशन के तारांकित प्रश्न सं. 244 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): यात्रियों की बढ़ती संख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने और रेल नेटवर्क के अंतर्गत अब तक शामिल न किए गए क्षेत्रों को रेल से जोड़ने के लिए नई रेल परियोजनाएं शुरू करना जरूरत आधारित सतत प्रक्रिया है, जो वाणिज्यिक औचित्य, परिचालनिक आवश्यकता, तकनीकी व्यवहारिकता और संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

(ख) और (ग): 01.04.2019 की स्थिति के अनुसार, 21443 कि.मी. की कुल 189 नई लाइन परियोजनाएं हैं, जो नियोजन/अनुमोदन/निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं, ये उन क्षेत्रों को कनेक्ट करेंगी, जो अभी तक रेल नेटवर्क के अंतर्गत नहीं हैं। इसके अलावा, 247 दोहरी लाइन/तीसरी लाइन/चौथी लाइन परियोजनाएं हैं, जो नियोजन/मंजूरी/निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं, ये रेल यात्रियों की बढ़ती संख्या को संभालेगी। रेल परियोजनाएं ज़ोन-वार मंजूर की जाती हैं और इन सभी निर्माण कार्यों का ब्यौरा भारतीय रेल की वैबसाइट www.indianrailways.gov.in में मिनिस्ट्री ऑफ रेलवेज़ >रेलवे बोर्ड >अबाउट इंडियन रेलवेज़ >रेलवे बोर्ड डायरेक्टोरेट्स >फाइनेंस (बजट) >2019-20_लिस्ट_ऑफ_वर्क्स के अंतर्गत उपलब्ध है। इस सूची में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र सहित देश के सभी राज्यों के निर्माण कार्य शामिल हैं। रेल परियोजनाएं ज़ोन-वार मंजूर की जाती हैं और पिछले 03 वर्षों के दौरान कुल 154 नई लाइन, आमान परिवर्तन और दोहरी लाइन/तीसरी लाइन/चौथी लाइन (2016-17 के दौरान 59, 2017-18 के दौरान 54 और 2018-19 के दौरान 41) परियोजनाओं की घोषणाएं की गई हैं, जो नियोजन/अनुमोदन/निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं। 03 वर्षों के दौरान 68 चालू परियोजनाएं (2016-17 के दौरान 20, 2017-18 के दौरान 23 और 2018-19 के दौरान 25) पूरी हो गई हैं और 8,313 कि.मी. की नई लाइन/दोहरी लाइन/तीसरी लाइन एवं चौथी लाइन/आमान परिवर्तन परियोजनाएं यातायात के लिए खोल दी गई हैं।

(घ): जोन और उत्पादन इकाइयां भारतीय रेल की लेखांकन और बजटीय इकाईयां हैं। इसलिए रेल बजट को राज्य-वार आधार पर नहीं बल्कि रेलवे जोन/उत्पादन इकाई-वार तैयार किया जाता है। अत: राज्य-वार व्यय संबंधी सूचना नहीं रखी जाती है। विभिन्न रेलवे जोनों के अंतर्गत नई लाइन, आमान परिवर्तन और दोहरीकरण योजना शीर्षों के अंतर्गत परियोजनाओं पर किया गया व्यय नीचे तालिका में दिया गया है।

(करोड़ रु. में)

वास्तविक	नई लाइनें (यूएसबीआरएल सहित)	आमान परिवर्तन	दोहरीकरण	कुल
वास्तविक 2014-15	8433.81	3663.59	3880.59	15977.99
वास्तविक 2015-16	2805.38	3735.41	10496.83	37037.62
वास्तविक 2016-17	15987.21	4102.17	9214.42	29303.80
वास्तविक 2017-18	9206.64	3301.91	11364.35	23872.90
वास्तविक 2018-19	11292.81	4242.31	15360.17	30895.29
बजट अनुमान 2019-20	29077.77	3118.38	17601.76	49797.91

(ड.): 2016-17 से 2018-19 की अवधि के दौरान 599 (एकल में) नई गाड़ी सेवाएं शुरू की गई है।

*****